राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com,

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0/1618 /2024 दिनांकः–01अगस्त, 2024

विज्ञप्ति

परीक्षा समिति बैठक दिनांक 29.07.2024 में निर्णय लिया गया है कि नई शिक्षा नीति से आच्छादित स्नातक पाठ्यक्रमों में निम्नानुसार सैद्धांतिक प्रश्न पत्रों में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों की विशेष परीक्षा आयोजित करायी जायेगी–

बी0ए0/बी0एससी0 पाठ्यक्रम के पंचम एवं षष्टम सेमेस्टर

1. दोनों विषयों में से किसी एक विषय के दोनों प्रश्न पत्रों में अनुत्तीर्ण उदाहरण स्वरूप यदि किसी छात्र/छात्रा का स्नातक अन्तिम वर्ष में समाजशास्त्र एवं इतिहास विषय है तो विशेष परीक्षा में केवल उन्ही छात्र/छात्राओं को सम्मिलित किया जायेगा जो समाजशास्त्र के दोनो प्रश्न पत्र अथवा इतिहास के दोनो प्रश्न पत्रों में अनुत्तीर्ण हो।
2. प्रथम विषय के प्रथम प्रश्न पत्र एवं द्वितीय विषय के द्वितीय प्रश्न पत्र में अनुत्तीर्ण उदाहरण स्वरूप यदि किसी छात्र/छात्रा का स्नातक अन्तिम वर्ष में समाजशास्त्र एवं इतिहास विषय है तो विशेष परीक्षा में केवल उन्ही छात्र/छात्राओं को सम्मिलित किया जायेगा जो समाजशास्त्र के प्रथम प्रश्न पत्र एवं इतिहास के द्वितीय प्रश्न पत्र में अनुत्तीर्ण हो।
3. प्रथम विषय के द्वितीय प्रश्न पत्र एवं द्वितीय विषय के प्रथम प्रश्न पत्र में अनुत्तीर्ण उदाहरण स्वरूप यदि किसी छात्र/छात्रा का स्नातक अन्तिम वर्ष में समाजशास्त्र एवं इतिहास विषय है तो विशेष परीक्षा में केवल उन्ही छात्र/छात्राओं को सम्मिलित किया जायेगा जो समाजशास्त्र के द्वितीय प्रश्न पत्र एवं इतिहास के प्रथम प्रश्न पत्र में अनुत्तीर्ण हो।
4. दोनों विषय के किसी एक प्रश्न पत्र में अनुत्तीर्ण।
5. को–कैरिकुलर में अनुत्तीर्ण।

बी0कॉम0 पाठ्यक्रम के पंचम एवं षष्टम सेमेस्टर

1. दोनों अनिवार्य प्रश्न पत्रों में से किसी एक प्रश्न पत्र में अनुत्तीर्ण।
2. तीन वैकल्पिक प्रश्न पत्रों में से किसी एक प्रश्न पत्र में अनुत्तीर्ण।
3. किसी एक प्रश्न पत्र में अनुत्तीर्ण।
4. को–कैरिकुलर में अनुत्तीर्ण।

परीक्षा समिति के उक्त निर्णय के अनुपालन में विशेष परीक्षा बहुविकल्पीय प्रणाली पर आयोजित करायी जायेगी। उक्त परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म महाविद्यालय लॉगिन पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से दिनांक 02.08.2024 से 08.08.2024 तक भरे जायेंगें। भरे गये परीक्षा फार्मो का सम्पूर्ण परीक्षा शुल्क एम0आई0एस0 जनरेट करके महाविद्यालय के लॉगिन आई0डी0 पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से आनलाइन मोड में दिनांक 09.08.2024 तक अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करें। आनलाइन के अतिरिक्त जमा किया गया परीक्षा शुल्क मान्य नही होगा। निर्धारित तिथि तक सम्पूर्ण शुल्क जमा करने के उपरान्त ही प्रवेश पत्र जारी किये जायेंगे।

01/8/24

(अजय कृष्ण यादव)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. निजी सचिव, मा0 कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
3. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, वेबसाइट को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 तथा विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
5. गार्ड फाइल।

01.08.24

उप कुलसचिव

V letter